दिन– रविवार | दिनांक– 22 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा – इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भारत की एआई शक्ति को नई दिशा देगा।

02 उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा। राज्य के प्रत्येक पुलिस लाइन में हाई स्कूल खोले जायेंगे। पुलिस दीदी और एआई तकनीक की मदद से बदलेगा पुलिस का चेहरा।

03. राज्य सरकार ने राजगीर को वैश्विक पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में बढ़ाया कदम। बोधगया से बिहारशरीफ तक पीपल–बरगद कॉरिडोर बनाया जाएगा।

04. और, अंडर–19 विश्वकप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव सूर्यवंशी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया सम्मानित।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने बताया कि समिट के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एकत्र हुए।

–––बाइट–––

इस समटि में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है।

श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने इंडिया एआई प्रदर्शनी में विश्व नेताओं को कई वस्तुएं दिखाईं।

–––बाइट–––

एआई समिट के एक्जीबेसन में मैंने वर्ल्ड लीडर को ढ़ेर सारी चीजें दिखाई। समिट में दुनिया भर के लीडर को बहुत प्रभावित किया। पहला प्रोडक्ट अमूल दूध पर था। इसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में हमारी मदद कर रही है और कैसे 24×7 एआई असिस्टेंट की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं।

प्रधानमंत्री ने समिट की सफलता के लिए देशवासियों को बधाई दी।

श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में कनाडा, अमरीका, ओमान, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और इटली की टीम में कई भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं।

———बाइट———

ऐसे कितने ही भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं जो अपने देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। वहाँ के युवाओं के लिये प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है। भारतीय जहां भी जाते हैं अपनी मातृभूमि की जड़ों से जुड़े रहते हैं। और अपनी कर्मभूमि यानि जिस देश में रहते हैं उसके विकास में भी सहयोग करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी पर उनके भाषण के बाद समाज में इस दिशा में काफी जागरूकता आई है।

———बाइट———

देश में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्राड को लेकर हमारे समाज में काफी जागरूकता आई, लेकिन अभी भी हमारे आसपास ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो अक्षम्य हैं। आपका सतर्क रहना, जागरूक रहना बेहद जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी पूरी लगन से अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और तनाव में नहीं हैं।

———बाइट———

मेरे प्यारे बच्चो, आप तो एक्जाम वारियर हैं। मुझे विश्वास है, आप सभी पूरे मन से इम्तिहान की तैयारियों में लगे होंगे। खुद पर भरोसा रखिए। जो पढ़ा है, उसे पूरे मन से लिखिए। और जो नहीं आया, उस एक सवाल को अपने मन पर हावी मत होने दीजिए। और एक बात, अपने मातादृपिता और शिक्षकों से बात करते रहिए। वे आपके नंबरों से नहीं, आपके प्रयास से आपकी पहचान करते हैं।

श्री मोदी ने रमज़ान और आगामी होली के त्यौहार की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया।

———बाइट———

हमारे होली के त्योहारों में क्या अन्य कोई भी त्यौहार में अनेक ऐसे साधु सामान घुस गए हैं, जो विदेशी हैं इन्हें त्योहार से दूर रखिए स्वदेशी अपनाइए जवाब स्वदेशी खरीदने हैं तो देश को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में भी मदद करते हैं।

---

प्रधानमंत्री ने गर्व व्यक्त किया कि भारत में किसान अब गुणवत्ता, मूल्यवर्धन और नए बाजारों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। श्री मोदी ने ओडिशा के हिरोद पटेल का उदाहरण दिया जिसने अपने खेत के तालाब के ऊपर एक मजबूत जालीदार ढांचा बनाया और उस पर लता वाली सब्जियां उगाईं। श्री मोदी ने कहा कि किसान नये प्रयोग कर नई तकनीक अपनाकर भूमि का बेहतर उपयोग कर रहे हैं। हिरोद पटेल फिलहाल पटना में हैं। हमारे संवाददाता ने हिरोद से बातचीत की। हिरोद ने बताया कि वे प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में उनका नाम लिये जाने से वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

———बाइट———

---

भोजपुर जिले के उदवंत नगर प्रखंड अंतर्गत सरथुआं गांव में महिलाओं ने समूह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसका आयोजन आकाशवाणी–दूरदर्शन प्रसार क्लब की ओर से किया गया। कार्यक्रम के समापन के बाद महिलाओं ने सामूहिक चर्चा की। समूह में शामिल महिलाओं ने कहा है कि दस–दस महिलाओं का आकाशवाणी–दूरदर्शन प्रसार क्लब बनाकर अपनी समस्याओं पर चर्चा करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी को ई–मेल और पत्र के माध्यम से अपनी गतिविधियों से भी अवगत करायेंगी।

———वॉक्सपॉप———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी अपने क्रियाकलापों से देश की मर्यादा पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है। श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के मेरठ में मेट्रो परियोजना के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नई दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने जो नंगापन दिखाया, उससे महागठबंधन के साथी दल भी आश्चर्य चकित है।

———बाइट———

---

उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने आज से सत्ताईस फरवरी तक आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय पुलिस सप्ताह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस को हर संभव सुविधाएं और आधुनिक तकनीक मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए हाई स्कूल खोले जायेंगे। साथ ही पुलिस दीदी और एआई तकनीक की मदद से राज्य की पुलिस का चेहरा आधुनिक बनाया जाएगा। पुलिस सप्ताह के तहत राज्यभर में खेल प्रतियोगिताओं, रक्तदान शिविर, जागरूकता मार्च, पुलिस पब्लिक संवाद समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समारोह कोक डीजीपी विनय कुमार ने भी संबोधित किया।

---

नालंदा के राजगीर को वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। वन, पर्यावरण और जलावायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने आज राजगीर दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। श्री किशोर ने कहा कि बौद्ध सर्किट को हरित अवसंरचना से जोड़ते हुए बोधगया से बिहारशरीफ तक पीपल–बरगद कॉरिडोर बनाया जाएगा। इससे पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही राजगीर के विभिन्न पर्यटन स्थल– नेचर सफारी, जू सफारी, वेणूवन, विश्व शांति स्तूप और घोड़ा कटोरा जैसे स्थालों पर आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

---

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि विकसित बिहार बनाने के रोड मैप पर सरकार तेजी से कार्य कर रही है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आज लेट्स इंस्पायर बिहार की ओर से आयोजित बिहार डेवलपमेंट समिट में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि बिहार के विकास के लिए सभी एकजुट हो रहे हैं।

–––बाइट–––

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में बड़े पैमाने पर उद्योग लगाए जायेंगे। श्री चौधरी ने मुंगेर के हवेली खड़गपुर में अवर निबंधन कार्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में कई कंपनियों ने अपने स्टील प्लांट लगाने के लिए सहमति जताई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें सस्ती जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।

---

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य सरकार पर दलित और पिछड़ों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। श्री यादव ने पटना के मिलर स्कूल ग्राउंड में आयोजित संत रविदास जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार अमीरों की सरकार है। जिसे गरीबों के दुखदर्द से कोई सरोकार

नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी राजद गरीबों, पिछड़ों और दलितों को मान–सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है।

---

मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड अंतर्गत जितवारपुर गांव में राज्य के प्रथम शिल्पग्राम का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह परियोजना केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के राष्ट्रीय हस्तकरघा विकास योजना के तहत बिहार संग्रहालय के सहयोग से बन रही है। कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कार्यारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने शिल्पग्राम के विकास के लिए नौ करोड़ से अधिक की राशि की स्वीकृति दी है। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित बोआ देवी, दुलारी देवी, शांति देवी, शिवन पासवान समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अंडर–19 विश्वकप क्रिकेट के फाइनल में एक सौ पचहत्तर रन की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले समस्तीपुर के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को सम्मानित किया। पटना में मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वैभव को पचास लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि वे किसी तरह राज्य और देश का नाम रौशन करते रहें। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के सुपर–एट चरण में भारत का मुकाबला आज दक्षिण अफ्रीका से खेला जा रहा। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किाय है। ताजा जानकारी के अनुसार छह दशमलव पांच ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर अड़तालीस बना लिये हैं।

---

पटना के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिषद का छब्बीसवां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया।

---

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ का ग्यारहवां द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया है। पंचातीराज मंत्री दीपक प्रकाश ने इसका उद्घाटन किया।

---

बक्सर के जिला एंव सत्र न्यायाधीश और जिलाधिकारी साहिला ने संयुक्त रूप से विश्वामित्र महोत्सव का शुभारंभ किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा – इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भारत की एआई शक्ति को नई दिशा देगा।

02 उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा। राज्य के प्रत्येक पुलिस लाइन में हाई स्कूल खोले जायेंगे। पुलिस दीदी और एआई तकनीक की मदद से बदलेगा पुलिस का चेहरा।

03. राज्य सरकार ने राजगीर को वैश्विक पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में बढ़ाया कदम। बोधगया से बिहारशरीफ तक पीपल–बरगद कॉरिडोर बनाया जाएगा।

04. और, अंडर–19 विश्वकप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव सूर्यवंशी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया सम्मानित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।